ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • कार्तिक कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 04 नवम्बर 2023 • वर्ष-24 • अंक- 270 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

'आर्या' मेरा बेस्ट काम नहीं है, अभी और भी... पेज 10 पर





PR No. 310608 (IPRD) 2023-24

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री हेमंत ने चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन का किया उद्घाटन



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को ऑड्रे हाउस, रांची में तीन नवंबर से पांच नवंबर 2023 तक आयोजित चाइल्ड आर्टिस्ट एग्जिबिशन का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही राज्य के 24 जिलों के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चे-बच्चियों द्वारा अर्निंग फॉर लर्निंग थीम पर बनाई गई पेंटिंग सहित अन्य कलाकृतियों का अवलोकन किया। हेमन्त सोरेन बच्चों की पेंटिंग्स से काफी प्रभावित हुए। उन्होंने बाल कलाकारों की कलाकृति को सराहा। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर बच्चे-बच्चियां काफी उत्साहित और खुश नजर आए। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद महुआ माजी, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के. रवि कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, विभिन्न स्कूलों से पहुंचे शिक्षक-शिक्षिका, बाल कलाकार सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

### झारखंड में मिले डेंगू के 22 मरीज सबसे ज्यादा दुमका में 11

**दुमका।** शुक्रवार को राज्य भर में डेंगू के 22 संक्रमित मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 11 मरीज दुमका जिले के हैं। वहीं चतरा के चार, हजारीबाग में चार, पश्चिमी सिंहभूम में दो और सरायकेला में भी एक मरीज मिला है। बता दें कि राज्य भर में 143 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 22 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं गुरुवार को भी राज्य भर में डेंगू के 45 मरीज मिले। इनमें सबसे ज्यादा 29 मरीज राजधानी रांची के थे। जबकि देवघर में 11, धनबाद में चार और पश्चिमी सिंहभूम में एक डेंगू मरीज मिला। वहीं चिकनगुनिया के भी 14 मरीज मिले। सभी मरीज रांची के हैं।

### अपराधियों ने ढाबा संचालक को गोली मारकर हत्या कर दी

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के ललगुटवा में शुक्रवार देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने अनस ढाबा के संचालक शमशुल की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोहित सिंह मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। गोली मारने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### हाईकोर्ट ने पूछा, डेडिकेटेड कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति कब तक

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में राज्य में नगर निकायों का चुनाव जल्द कराने को लेकर रिट याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार कड़ी नाराजी जताते हुए सरकार से पूछा की ओबीसी को रिजर्वेशन दिए जाने को लेकर गठित डेडिकेटेड कमीशन की नियुक्ति कब तक होगी? कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के माध्यम से बताएं कि डेडिकेटेड कमीशन के चेयरमैन की नियुक्ति कब तक कर ली जाएगी, अन्यथा कार्मिक सचिव को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होना होगा। मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई।

### तौहीद, नवाज, सरफराज व मिन्हाजुदीन को बेल देने से सिविल कोर्ट का इनकार

**रांची।** कांके के जमीन कारोबारी अवधेश यादव को गोली मारने के आरोपियों को बेल देने से रांची सिविल कोर्ट ने इनकार कर दिया है। इस केस के अभियुक्तों तौहीद अंसारी, मोहम्मद सरफराज आलम, नवाज अख्तर और मिन्हाजुदीन अली ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की थी। जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। फिलहाल उक्त सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। रांची पुलिस ने सभी आरोपियों को 18 सितंबर को गिरफ्तार किया था। बता दें कि 14 सितंबर को रांची के ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



## आईसीसी वर्ल्ड कप 2023

**अफगानिस्तान - 181/3 (31.3 ओवर)**

**नीदरलैंड - 179/10 (46.3 ओवर)**

### आज का मैच

न्यूजीलैंड बनाम पाक से, बेंगलुरू में (10.30 बजे से)

इंग्लैंड बनाम ऑस्ट्रेलिया से, अहमदाबाद में (2 बजे से)

## पीएम मोदी ने किया वर्ल्ड फूड फेस्टिवल का उद्घाटन, बोले

# भारत की वृद्धि में छोटे उद्योग, किसान-महिलाओं का बड़ा योगदान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सुबह 10 बजे नई दिल्ली के प्रगति मैदान में बने भारत मंडपम में एक बड़े खाद्य कार्यक्रम 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। उद्घाटन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि भारत की वृद्धि में छोटे उद्योग, किसान–महिलाओं का बड़ा योगदान है। इसमें क्षेत्रीय व्यंजन और शाही खानपान की विरासत को दुनिया के सामने पेश किया जाएगा। 200 से अधिक शेफ इसमें शामिल होंगे और पारंपरिक भारतीय व्यंजन पेश करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन 3 नवंबर से 5 नवंबर के बीच होगा, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 के उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि स्वाद और तकनीक का ये फ्यूजन एक नए भविष्य को जन्म देगा, एक नई इकोनॉमी को गति प्रदान करेगा। आज की बदलती हुई दुनिया में 21वीं सदी की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक फूड सिक्योरिटी भी है। इसलिए 'वर्ल्ड फूड इंडिया का ये आयोजन और भी अहम हो गया है।




### बीते 9 साल में एफडीआई में 50,000 करोड़ रुपए

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में, प्रसंस्कृत खाद्य उद्योग को उभरते क्षेत्र के रूप में देखा जाता है। पिछले 9 वर्षों में इस क्षेत्र ने एफडीआई में 50,000 करोड़ रुपए को आकर्षित किया है। यह भारत सरकार की उद्योग समर्थक और किसान समर्थक नीतियों का परिणाम है।

## बादल पत्रलेख ने किया झारखंड पेवेलियन का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली के प्रगति मैदान में हो रहे वर्ल्ड फूड इंडिया के दूसरे संस्करण का आगाज हो गया। इस इवेंट में झारखंड भी शिरकत कर रहा है। बता दें कि भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने वर्ष 2017 में वर्ल्ड फूड इंडिया का पहला संस्करण लांच किया था। यहां झारखंड का अपना ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### राज्य में है निवेश की अपार संभावनाएं

यदि कोई अपना यूनिट झारखंड में लगाना चाहते हैं तो उसके लिए झारखंड सरकार उन्हें हर संभव मदद करेगी। कृषि के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं की जानकारी के लिए यह स्टॉल नेशनल लेवल पर लगा हुआ है। झारखंड में एक उद्यमियों के लिए अनुकूल और जीवंत निवेश पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है, जिसमें राज्य विभिन्न औद्योगिक नीतियों के माध्यम से आकर्षक वित्तीय और गैर-वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है। मंत्री ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन जी का लगातार प्रयास रहा है कि छोटे-छोटे उद्यमी देश स्तर और विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाएं। इसमें प्रगति मैदान में लगाया गया यह स्टॉल मिल का पत्थर साबित होगा। मैं संभावित निवेशकों से झारखंड में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश करने की अपील करता है।

## हेमंत कैबिनेट ने 23 प्रस्तावों पर लगाई मुहर

# झारखंड में राज्यकर्मियों का 4% महंगाई भत्ता बढ़ा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई झारखंड मंत्रालय में हुई बैठक में 23 अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। राज्यकर्मियों (सातवां केंद्रीय वेतमान प्राप्त कर रहे हैं) का महंगाई भत्ता 42 से बढ़ाकर 46 फीसदी किया गया है यानी चार फीसदी डीए बढ़ा है, जो एक जुलाई के प्रभाव से लागू होगा। इसका लाभ पेंशन, पारिवारिक पेंशन भोगियों को मिलेगा। राज्य में सार्वजनिक अवकाश-2024 की घोषणा की गई। वर्ष 2024 में 21 अवकाश रहेंगे और कार्यपालक आदेश के तहत 12 अवकाश हैं।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बैठक में मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की स्वीकृति दी गई। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी क्षेत्र में जिन घरों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है वहां बिजली पहुंचाई जायेगी। इसके लिए 1485 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई। झारखंड पुलिस रेडियो संपर्क और वायरलेस नंबर की नियुक्ति नियमावली में बदलाव हुआ। अब पहले फिजिकल और मेडिकल टेस्ट होगा। अंत में लिखित परीक्षा होगी।
- प्रोजेक्ट विद्यालय में नियुक्त वैसे योग्य टीचर जिनकी अनुशंसा समिति करेगी उन्हें फिर से बहाल किया जाएगा। एसटी, एससी पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में प्रशिक्षण कार्य के लिए तात्कालिक व्यवस्था के तहत सर्विस प्रोक्योरमेंट के आधार पर अंशकालिक शिक्षकों से कार्य जाने की एक साल तक अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई। इस बीच नियमित नियुक्ति की भी कार्रवाई अलग से की जाएगी।
- इसके अलावा राज्य सरकार ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का संचालन पीपीपी मोड पर कराने का निर्णय लिया है। बैठक में गोलाई व घाघरी वीयर योजना का पुनरुद्धार योजना की स्वीकृति दी गयी। इसके तहत शर्तों में बदलाव किया गया है, ताकि अधिक एजेंसी भाग ले सके। अब पीपीपी मोड पर तीन आईटीआई संचालन कर सकते हैं। इसके अलावा 10 साल तक संचालन किया जा सकेगा। झारखंड प्रशासनिक सेवक अधिकारी परमेश्वर मुंडा को 6 जुलाई 2015 की तिथि से एसडीओ रैंक में जो प्रमोशन दिया गया था उन्हें इस तिथि से वित्तीय लाभ मिलेगा।
- दुमका हवाई अड्डा में कॉमर्शियल पायलट ट्रेनिंग और एयरबस ट्रेनिंग के लिए दिया जाएगा। 30 बच्चों को उसमें ट्रेनिंग दी जायेगी। परीक्षा के माध्यम से उनका चयन होगा इन 30 में से जो 15 बच्चे होंगे उनको राज्य सरकार के तरफ से फ्री में ट्रेनिंग दी जायेगी। एक ट्रेनिंग प्रोग्राम में 9 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च होंगे। आरक्षण के अनुसार प्रशिक्षण दिया जायेगा। पांच सीट झारखंड के लिए आरक्षित होंगे। दुमका और नोएडा में ट्रेनिंग होगी। बासुकीनाथ नगर पंचायत अंतर्गत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना की स्वीकृति दी गई। इसमें 105 करोड़ खर्च किया जायेगा।
- कांटाटोली और सिरमटोली फ्लाईओवर को आपस में जोड़ा जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने जुडको की सहमति से इसका डीपीआर तैयार कराया है। इसकी लंबाई 1.25 किलोमीटर है। 213 करोड़ की लागत से इसे बनाया जायेगा। इसमें भू-अर्जन यूटिलिटी शिफ्टिंग इत्यादि कार्य भी किए जायेंगे। बहुबाजार के पास एक जुटेगा और दूसरे पुल में पटेल चौक के पास पुल को जोड़ा जायेगा।

## रांची विवि. के नए कैंपस को लेकर बैठक

# हरियाली और पार्किंग का पुख्ता व्यवस्था करें : सीएम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में रांची विश्वविद्यालय के प्रस्तावित नए कैंपस को लेकर अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। इस मौके पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष राजधानी रांची के चेरी में 87 एकड़ जमीन पर बनने वाले रांची विश्वविद्यालय के नए कैंपस के मास्टर प्लान का प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने पूरे मास्टर प्लान की विस्तृत जानकारी ली और कई आवश्यक सुझाव तथा दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय का नए कैंपस को इस तरह विकसित किया जाए कि इसकी अलग पहचान बन सके। मेंटेनेंस फ्री निर्माण हो : रांची विश्वविद्यालय के नए कैंपस में एकेडमिक जोन, एडमिनिस्ट्रेटिव जोन रीक्रिएशनल जोन, रेसिडेंशियल जोन, बफर जोन और एक्सटेंशन जोन बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां जो भी निर्माण हो, वह मेंटेनेंस फ्री होना चाहिए। इसके रख- रखाव के लिए भी सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यहां की जमीन की भौगोलिक स्थिति (कंटूर) के हिसाब से बिल्डिंग का निर्माण हो। इसके लिए कोई भी निर्माण शुरू करने के पहले जमीन के हिसाब से पूरी योजना तैयार कर ली जानी चाहिए। पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए : मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छापेमारी

# ईडी अफसरों को फंसाने की साजिश

### जेल में छापेमारी कर ईडी ने जुटाए साक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में परिवर्तन निदेशालय (ईडी)के द्वारा छापेमारी की गई है। मिली जानकारी के अनुसार रांची जेल के अंदर से ही ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फसाने की साजिश रची जा रही थी। एजेंसी ने इससे जुड़े कई साक्ष्य जेल के अंदर से जुटाए है। झारखंड में जमीन, बालू, शराब और अवैध खनन जैसे घपले घोटाले की जांच कर रहे ईडी के अधिकारियों को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रची गई थी। सूचना के एसटी- एससी केस में आरोपित करने के बाद एक बार नए सिरे से एक गंभीर किस्म के आरोप ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## आरबीआई ने पीएनबी और फेडरल बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई/नई दिल्ली।** आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के पीएनबी पर 72 लाख रुपये और निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कुछ नियामक मानदंडों का अनुपालन नहीं करने को लेकर यह कार्रवाई की है।

# सात थाना प्रभारी का तबादला




### सदर थाना प्रभारी बने लक्ष्मीकांत

| कम स0. | पदनाम एवं नाम | वर्तमान पदस्थापन | नव पदस्थापन |
|---|---|---|---|
| 1. | पु0नि0 लक्ष्मीकान्त | थाना प्रभारी, डोरण्डा | थाना प्रभारी, सदर |
| 2. | पु0नि0 रविन्द्र नाथ सिंह | पुलिस केन्द्र, रांची | अंचल निरीक्षक, सोनाहातु |
| 3. | अ0नि0 लालजी | सदर थाना | थाना प्रभारी, सिल्ली |
| 4. | अ0नि0 सुकुमार हेमाम | थाना प्रभारी, लापुंग | पुलिस केन्द्र, रांची |
| 5. | अनि सूर्यकान्त कुमार | लालपुर थाना | थाना प्रभारी, लापुंग |
| 6. | अ0नि0 अमित कुमार | प्रभारी मोरहाबादी टी0ओ0पी0 | थाना प्रभारी, तमाड़ |
| 7. | अ0नि0 दीपक कुमार सिंह | थाना प्रभारी, तमाड़ | मोरहाबादी टी0ओ0पी0 |

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने 7 थाना प्रभारी सहित कुल नौ पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है।

## झारखंड की बेटियां संघर्ष-चुनौतियों के बीच दिखा रही प्रतिभा

# शहर हो या गांव हर ओर हॉकी का खुमार

**शशि भूषण शर्मा। रांची**

पूरे राज्य और देश में झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार सर चढ़ कर बोल रहा है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों की बेटियों ने संघर्ष और चुनौतियों के बीच अपनी प्रतिभा को साबित किया है। प्रखंड के दूरदराज के गांवों से करीब 250 बेटियां हर दिन सुबह हॉकी खेलने ग्राउंड पहुंचती हैं। इनमें ज्यादातर साइकिल से या फिर दूसरे वाहनों से ग्राउंड पहुंचकर हॉकी को लेकर अपनी दीवानगी को साबित करती हैं। लेकिन, पिछले गांवों की इन बेटियों का घर से मैदान तक पहुंचना



इतना आसान नहीं होता है। खाने पीने से लेकर किट तक की समस्या से जूझने वाली इन बेटियों को कई तानों का भी सामना करना पड़ता है। अन्य राज्यों से लोग टीम इंडिया का उत्साह बढ़ाने रांची आ रहे हैं। तभी तो दो दिन पूर्व खूंटी के अड़की क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव की कई महिला हॉकी खिलाड़ी रांची आकर अंतरराष्ट्रीय मैच की गवाह बनी। झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम में खेल रही खूंटी की निक्की प्रधान, सिमडेगा की सलीमा टेटे और संगीता कुमारी के गांव में उत्साह का माहौल है। निक्की प्रधान, सलीमा टेटे के करंगा गुड़ी और संगीता कुमारी के गांव में हर दिन शाम ढलते ही पूरे गांव के लोग बड़े से स्क्रीन पर मैच का लुफ्त लेते हैं। कोई खुशी से झूमता है तो कोई गांव की बेटी को आशीर्वाद देते हुए भारतीय टीम की जीत की कामना करता है। झारखंड महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का फीवर राज्य के हर उम्र के लोगों में चढ़ा हुआ है। जहां एलईडी स्क्रीन नहीं हैं, वहां जिला प्रशासन द्वारा बड़े स्क्रीन पर मैच का प्रसारण किया जा रहा है। जबकि रांची में स्टेडियम के बाहर मोरहाबादी मैदान में बने टाइम स्क्वायर में भी लोग मैच का आनंद ले रहें हैं, ताकि देश में पहली बार झारखण्ड की मेजबानी में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के साक्षी बन सकें।

# सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस सांसद को घेरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने महुआ मोइत्रा के बचाव में उतरे कांग्रेस सांसद उत्तम रेड्डी पर बिना जानकारी के टीएमसी सांसद का बचाव करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस सांसद ने देश को गुमराह किया है। दुबे ने एक्स पर पोस्ट कर चार सवाल पूछते हुए कहा, ₹मीडिया में कल कांग्रेस पार्टी के सांसद उत्तम रेड्डी ने महुआ (आरोपी) सांसद का बिना जानकारी के बचाव करते हुए देश को गुमराह किया। ओटीपी प्रश्न पूछने के लिए आया, लेकिन जब पोर्टल खुल गया तो बिना ओटीपी के - 1. आपको संसद में पेश होने से दो दिन पहले बिल मिला कि नहीं?

2. महुआ आईटी स्टैंडिंग कमेटी की सदस्य हैं, जिसमें हीरानंदानी का इंटरेस्ट है, उसके सभी गोपनीय दस्तावेज बिना ओटीपी के मिले या नहीं?

3. महुआ स्वास्थ्य विभाग के कमेटी की सदस्य हैं, उसके भी गोपनीय कागज मिले कि नहीं?

4. जॉइंट कमेटी ऑफ डेटा प्रोटेक्शन का भी गोपनीय पेपर इस पोर्टल पर है या नहीं?

यहां तो पूरी दाल ही काली है, राष्ट्रीय सुरक्षा को बेचने के लिए भ्रष्टाचार।